दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-12, अंक-49 रविवार 19 फरवरी, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

## इको एंड एनर्जी कंजर्वेशन क्लब ने "ग्रह बचाओ-पृथ्वी बचाओ" विषय पर उत्सव किया आयोजित



बल्लभगढ, 18 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज के इको एंड एनर्जी कंजर्वेशन क्लब ने प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन और संयोजक डॉ. संजीव कुमार गुप्ता एंड कंपनी के पर्यवेक्षण में "ग्रह बचाओ - पृथ्वी बचाओ" विषय पर एक सप्ताह का उत्सव आयोजित किया है।

सह-संयोजिका डॉ. मीनू अग्रवाल कॉलेज 13 से 17फरवरी तक विभिन्न उप-थीम के तहत कविता पाठ, स्लोगन राइटिंग, कोलाज मेकिंग, पीपीटी प्रेजेंटेशन और बेस्ट आउट ऑफ ई-वेस्ट जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। और कुल मिलाकर 150 से अधिक छात्रों ने समारोह में सक्रिय रूप से भाग लिया। सुश्री अर्चना और सुश्री मोहिनी द्वारा समन्वित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजनके पहले दिन सोमवार को किया गया था, प्रथम स्थान निधि बीएससी, काजल सिंह एमएससी ने दूसरा स्थान औरअंजलि बीएससी ने तीसरा स्थान हासिल किया। दूसरे दिन मंगलवार बेस्ट आउट ऑफ ई-वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और इसका समन्वयन सुश्री मानशी त्यागी और डॉ. अर्चना चौहान ने किया जिसमें भावना बी.एससी. केम. (ऑनर्स), दिव्या बीसीए दूसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम स्लोगन राइटिंग, कोलाज मेकिंग और पीपीटी प्रेजेंटेशन उत्सव के तीसरे दिन बुधवार को आयोजित किए गए थे और डॉ. रेखा सेन, सुश्री मोहिनी और सुश्री दीपिका द्वारा समन्वयित किया गया था। वंदना बीएससी ने कोलाज मेकिंग में प्रथम, द्वितीय), कंचन बीबीए, व तृतीय स्थान भूमिका बीसीएनेप्राप्त किया।